दिनांकः 13.06.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जैसलमेर दौरे पर–सीमा पर तैनात बीएसएफ जवानों से होंगे रूबरू।
- नये 17 जिलों और 3 संभागों की समीक्षा के लिए सरकार ने मंत्रिमंडल उपसमिति का किया गठन।
- प्रदेश में ई–बस सेवा का प्लान तैयार करने के लिए हुई बैठक–डीपीआर बनाने के निर्देश।
- प्रदेश में गर्मी के तेवर फिर हुए तीखे–आठ शहरों में पारा 45 डिग्री सेल्सियस के पार।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज से जैसलमेर के दौरे पर हैं। श्री धनखड़ भारत पाक सीमा पर बीएसएफ की बबलियानवाला पोस्ट जाएंगे और जवानों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाएंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि अपने दो दिवसीय प्रवास में वे तनोट माता मंदिर के दर्शन भी करेंगे।

000

कुवैत के मंगफ शहर में प्रवासी श्रमिकों के रहने के भवन में कल भीषण आग लगने से 49 लोगों की मृत्यु हो गई और करीब 50 लोग झुलस गये।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने कल अपने आवास पर बैठक कर घटना की समीक्षा की। श्री मोदी ने इस हादसे में मारे गये भारतीय नागरिकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राहत कोष से दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दिये जाने की घोषणा की है।

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कुवैत सरकार से इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के पार्थिव शरीर शीघ्र स्वदेश भेजने की व्यवस्था किए जाने का भी आग्रह किया। कुवैत के विदेश मंत्री ने कहा कि घायलों को जरूरी चिकित्सा सहायता दी जा रही है। डॉ. जयशंकर ने बताया कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्द्धन सिंह के कुवैत पहुंचने के बाद स्थिति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्रली भजनलाल शर्मा ने भी इस विभीषिका को दुखद बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

000

राज्य सरकार ने नये बनाये गये 17 जिलों और 3 संभागों के प्रशासनिक और वित्तीय संसाधनों की समीक्षा के लिए मंत्रिमंडल उपसमिति का गठन किया है। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा इसके संयोजक होंगे। इसके अलावा उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़, पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को समिति का सदस्य बनाया गया है। राजस्व विभाग की ओर से इस संबंध में कल अधिसूचना जारी की गयी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करौली दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उनका गंगापुर के टोडाभीम क्षेत्र के मूड़िया गांव में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा के अनावरण का कार्यक्रम है।

000

प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर आज से जनसुनवाई शुरू की जा रही है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने बताया कि ये जनसुनवाई रोजाना दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक की जाएगी। इस दौरान पदाधिकारी आम लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

000

प्रदेश में ई–बस सेवा का प्लान तैयार करने के लिए कल जयपुर में यूडीएच विभाग की बैठक आयोजित की गयी। वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के जरिये विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकांत ने ये बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को इस बारे में डीपीआर बनाने के निर्देश जारी किये। श्री रविकांत ने कहा कि इसके लिए भूमि आवंटन भी जल्द किया जाएगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट में पांच सौ ई बसें चलाने की घोषणा की थी। इसके तहत जयपुर के लिए डेढ़ सौ, जोधपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, बीकानेर, अलवर और भीलवाड़ा के लिए पचास–पचास इलेक्ट्रिक बसों का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा जा चुका है।

000

आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में तीन नये आपराधिक कानूनों के बारे में जागरुकता लाने के उद्देश्य से श्रृंखला चलायी जा रही है। इसके तहत आज हम आपको बताने जा रहे हैं, पहली बार के अपराधी के प्रति करूणा के साथ न्याय के प्रावधान के बारे में। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय न्याय संहिता 2023 कानून में पहली बार के अपराधियों के प्रति न्याय में पुनर्वास और करूणा पर जोर दिया गया है। इनके लिए न्यूनतम सजा कम की गयी है और पहली बार के विचाराधीन कैदियों के लिए उदारता के साथ जमानत स्वीकार की गयी है, जिससे उन्हें गलतियां सुधारने का अवसर मिल सके। पहली बार के अपराधियों के लिए सामाजिक सेवा और परामर्श जैसी सजाओं का प्रावधान किया गया है।

000

जयपुर में घरेलू नौकरों और किरायेदारों का डोर टू डोर सर्वे होगा। पुलिस ने इसके लिए ''नज़र सिटिज़न एप'' लॉंच किया है। इसके जरिये इनका रिकॉर्ड रखा जाएगा। और ब्यौरा हमारे जयपुर संवाददाता से –

000

प्रदेश में गर्मी के तेवर एक बार फिर तीखे हो गये हैं। कल आठ शहरों में अधिकतम पारा 45 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। वहीं कुछ स्थानों पर हीटवेव भी दर्ज की गयी। अलवर, पिलानी, बीकानेर, चूरू, सीकर, धौलपुर, करौली और हनुमानगढ़ सहित अन्य स्थानों पर भीषण गर्मी और उमस का असर रहा। बाड़मेर, जैसलमेर, फलौदी, वनस्थली और राजधानी जयपुर में भी अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। सबसे ज्यादा तापमान 46 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस श्रीगंगानगर में रिकॉर्ड हुआ। हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रचंड गर्मी के असर से लोग बेहाल रहे।

000

राज्य मौसम केन्द्र के अनुसार आज कोटा, उदयपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश के आसार हैं।

000

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में भारत ने अमरीका को 7 विकेट से हराकर सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर ली है। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में कल खेले गये मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए अमरीका ने 110 रन बनाए। अमरीका के लिए नीतीश कुमार ने 23 गेंदों पर सबसे ज्यादा 27 रन की पारी खेली। वहीं भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट लिए। जीत के लिए 111 रन के लक्ष्य को भारतीय टीम ने 19वें ओवर में हासिल कर लिया। हालांकि भारत की शुरुआत खराब रही, फिर भी सूर्य कुमार यादव के शानदार अर्द्धशतक और शिवम दुबे के साथ उनकी साझेदारी के बल पर भारत ने यह मैच जीत लिया।

000

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने भारत–पाक अन्तरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र में घुसपैठ और नशीले पदार्थों की तस्करी की सूचना सभी एजेन्सियों की ओर से साझा करने और आपसी तालमेल के साथ इसके खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। उन्होंने कल जयपुर में स्टेट लेवल स्टेंडिंग कमेटी की बैठक की।

000